# वार्षिक प्रतिवेदन

*(शैक्षणिक सत्र 2024-25)*



## राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर
## जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

*(07-03-2025)*

# वार्षिक प्रतिवेदन

## शैक्षणिक सत्र (2024-25)

## राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर

## जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

## सातवां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## 07 मार्च, 2025

### मुख्य अतिथि

### आदरणीय डॉ. के. सी. कश्यप

### प्राचार्य

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर


प्रतिवेदक लेखक

प्रो. कुलदीप कुमार

सहायक आचार्य (हिंदी विभाग)

प्रस्तुतकर्ता

प्रो. दीपक गौतम

(सह-आचार्य (संगीत विभाग)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## *शैक्षणिक सत्र (2024-25)*

---

### *स्वागत एवं संबोधन :-*

राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर के सातवें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि महोदय स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य आदरणीय डॉ० के. सी. कश्यप जी, अभिभावक-शिक्षक संघ के पदाधिकारी, सह-आचार्य, सहायक आचार्य, गैर शिक्षक वर्ग, अभिभावक वर्ग, पत्रकार बंधु, पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारी, केन्द्रीय छात्र संघ के सदस्य, प्यारे विद्यार्थियों तथा रिवालसर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व अन्य अतिथिगण ! आज महाविद्यालय परिसर में सातवें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के शुभ अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं आपका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करता हूँ |

मैं संक्षेप में महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 का प्रगति विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ, जो विद्यार्थियों तथा प्राध्यापक वर्ग की उपलब्धियों को रेखांकित करता है |

### *महाविद्यालय पृष्ठभूमि :-*

महोदय, पावन धर्म स्थली रिवालसर की तलहटी में स्थित राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर (जिला मंडी) की स्थापना वर्ष 2014 ई. में हुई थी | इस महाविद्यालय के खुलने से आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने व अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है | इस शिक्षण- संस्थान में कला व वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं | महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उचित कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर लेब, स्मार्ट क्लास रूम के साथ-साथ खेल का मैदान भी उपलब्ध है | महाविद्यालय में एन.एस.एस इकाई, रोवर रेंजर इकाई, सड़क सुरक्षा क्लब, चुनावी साक्षरता क्लब, रेड रिबन क्लब, इको क्लब, एंटी ड्रग क्लब आदि सह पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी यथेष्ट महत्व दिया जा रहा है |

मान्यवर, यह महाविद्यालय बल्ह विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान के रूप में उभर कर सामने आया है | इस महाविद्यालय ने अपने स्थापना काल से अब तक धीरे-धीरे निरंतर विकास किया है और हमें आशा व पूर्ण विश्वास है कि यह भविष्य में भी प्रगति मार्ग पर अग्रसर रहेगा |

***पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या :-*** वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय में कुल 147 छात्र व छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं | जिनमें कला व वाणिज्य दोनों संकायों में 116 छात्राएं एवं 31 छात्र हैं | विद्यार्थियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है –

| *Stream* | *Class* | *General* | | *SC* | | *ST* | | *OBC* | | *Total B 3+5+7+9* | *Total G 4+6+8+10* | *Grand Total 11+12* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **Boys** | **Girls** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | | | |
| **Arts** | **BA 1st** | 06 | 18 | - | 14 | 02 | - | - | 01 | **08** | **33** | **41** |
| | **BA 2nd** | 04 | 27 | - | 12 | - | 01 | - | - | **04** | **40** | **44** |
| | **BA 3rd** | 05 | 21 | 03 | 10 | 01 | - | 01 | 02 | **10** | **33** | **43** |
| **Total** | | **15** | **66** | **03** | **36** | **03** | **01** | **01** | **03** | **22** | **106** | **128** |
| **Com.** | **B. Com 1st** | 01 | 01 | 01 | 03 | - | - | - | - | **02** | **04** | **06** |
| | **B. Com 2nd** | 04 | - | - | 04 | - | 01 | - | - | **04** | **05** | **09** |
| | **B. Com 3rd** | 01 | 01 | 02 | - | - | - | - | - | **03** | **01** | **04** |
| **Total** | | **06** | **02** | **03** | **07** | **-** | **01** | **-** | **-** | **09** | **10** | **19** |
| **G. Total** | | **21** | **68** | **06** | **43** | **03** | **02** | **01** | **03** | **31** | **116** | **147** |

***वार्षिक परीक्षा परिणाम :-*** किसी भी शिक्षण-संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती हैं | गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार से रहा है-

| *क्र.स.* | *कक्षा* | *कुल विद्यार्थी* | *उत्तीर्ण* | *परिणाम (%)* |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी. ए. प्रथम वर्ष | 49 | 47 | 95.92% |
| 2. | बी. ए. द्वितीय वर्ष | 43 | 43 | 100% |
| 3. | बी. ए. तृतीय वर्ष | 51 | 51 | 100% |
| 4. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 05 | 04 | 80% |
| 5 | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 04 | 04 | 100% |
| 6 | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 07 | 07 | 100% |

***छात्रवृत्तियाँ :-*** छात्र-छात्राओं को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने हेतु केन्द्रीय व राज्य प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दोनों संकाय में कुल 15 विद्यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की जाएगी, जिनमें 01 छात्र तथा 14 छात्राएं शामिल हैं |

| *क्र.स.* | *छात्रवृत्ति का नाम* | *छात्र* | *छात्राएं* | *कुल छात्रों की संख्या* |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | केंद्र प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए ) | - | 08 | **08** |
| **2.** | प्रधानमंत्री यशस्वी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग)) | 01 | 04 | **05** |
| **3.** | कल्पना चावला छात्रवृत्ति | - | 02 | **02** |
| **कुल छात्र** | | **01** | **14** | **15** |

***शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग :-*** महाविद्यालय में प्राचार्य महोदय के साथ शिक्षक वर्ग के कुल 11 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 01 पद रिक्त है | गैर-शिक्षक वर्ग के 10 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 03 पद रिक्त है |

***स्थानान्तरण एवं कार्यग्रहण :-*** स्थानांतरण एवं कार्य ग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत कुछ कर्मचारी महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर अन्य संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं | इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से किसी भी कर्मचारी का स्थानांतरण नहीं हुआ है | इस सत्र महाविद्यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए है |

| *क्र.स.* | *कर्मचारी का नाम* | *पद* | *जहां से स्थानांतरित होकर आए* | *दिनांक* |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बलबीर | सेवादार | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरला खाबू | 11 सितम्बर, 2024 |

***नव नियुक्तियाँ :-*** इस सत्र महाविद्यालय में कोई भी नव-नियुक्तियाँ नहीं हुई है |

***सेवानिवृत्ति :-*** इस सत्र महाविद्यालय से कोई भी कर्मचारी सेवानिवृत्त नहीं हुआ है |

**पदोन्नति :-** इस सत्र महाविद्यालय से निम्नलिखित कर्मचारियों की पदोन्नति हुई है |

| *क्र.स.* | *कर्मचारी का नाम* | *पद* | *पदोन्नति पद* | *पदोन्नति का स्थान* | *दिनांक* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोहर लाल | लिपिक | वरिष्ठ सहायक | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिध्याणी | 01-10- 2024 |
| 2. | संत राम | सेवादार | लैब अटेंडेंट | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुड़ी खाण | 29-11- 2024 |

***रिक्त पद :-*** महाविद्यालय में स्वीकृत कुल 21 पदों में से 04 पद रिक्त हैं, जिनका विवरण इस प्रकार हैं -

| *क्र.स.* | *कर्मचारी का वर्ग* | *पद नाम* | *रिक्त पद स.* |
|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षक | अर्थशास्त्र | 01 |
| 2. | गैर-शिक्षक | लिपिक | 01 |
| 3. | गैर-शिक्षक | सेवादार | 02 |

## *वर्तमान में महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक-वर्ग की सूची:-*

| **क्र.स.** | **कर्मचारी का नाम** | **पद नाम एवं विषय** |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. के. सी. कश्यप | प्राचार्य |
| 2. | प्रो. दीपक गौतम | संगीत विभाग |
| 3. | प्रो. मनोज कुमार | इतिहास विभाग |
| 4. | डॉ. ओ. पी. ठाकुर | राजनीति विभाग |
| 5. | डॉ. ब्रजनंदन कपूर | समाजशास्त्र विभाग |
| 6. | प्रो. अंजलि परमार | अंग्रेजी विभाग |
| 7. | डॉ. यादविंदर कुमार | गणित विभाग |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | प्रो. यश पाल | वाणिज्य विभाग |
| 9. | प्रो. कुलदीप कुमार | हिंदी विभाग |
| 10. | प्रो. रमणीक शर्मा | वाणिज्य विभाग |
| 11. | श्री खेम चंद | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| 12. | श्री ललित कुमार शर्मा | अधीक्षक |
| 13. | श्री ईश्वर दास | वरिष्ठ सहायक |
| 14. | श्री पुष्प राज | लिपिक (जे.ओ.ए.) |
| 15. | श्रीमती लता देवी | सेवादार |
| 16. | श्रीमती भाग्यवती | सेवादार |
| 17. | श्री बलबीर सिंह | सेवादार |

***अभिभावक शिक्षक संघ :-*** अभिभावक अध्यापक संघ (पी.टी.ए.) सदैव ही महाविद्यालय के विकासात्मक कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है | अभिभावकों-छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु हर वर्ष पी.टी.ए. का गठन किया जाता है | इस उद्देश्य हेतु 23 नवंबर, 2024 को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विधिवत पी.टी.ए. का पुनर्गठन प्राचार्य डॉ. के. सी. कश्यप की अध्यक्षता में किया गया है | इस सत्र की पी.टी.ए कार्यकारिणी के सदस्य इस प्रकार से हैं -

| क्र.स. | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | श्री खेम चंद |
| 2. | उपाध्यक्ष | श्री योग राज |
| 3. | सचिव | प्रो. अंजलि परमार |
| 4. | संयुक्त सचिव | श्रीमती कांता देवी |
| 5. | कोषाध्यक्ष | श्री धन देव |
| 6. | वरिष्ठ सलाहकार | सह- आचार्य दीपक गौतम |
| 7. | सलाहकार | श्रीमती भावना देवी |

अभिभावक शिक्षक संघ ने इस सत्र महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है | पी.टी.ए. कार्यकारिणी द्वारा इस वर्ष एन.एस.एस. इकाई के 25 स्वयंसेवकों को ट्रेक सूट, रोवर रेंजर इकाई के स्वयंसेवकों के लिए छह वर्दियां खरीदने की मंजूरी दी थी | इसके साथ महाविद्यालय की वेबसाइट बनाने हेतु 25 हजार धन राशि को पीटीए फंड से निकालने की स्वीकृति दी थी | इसके अलावा छात्र हित में अन्य विकासात्मक कार्यों में भी पी.टी.ए. कार्यकारिणी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है |

### *सत्र 2023-24 की पी.टी.ए. जमा राशि का विवरण :-*

पिछले सत्र तक शेष जमा राशि – **98047.40**

वर्तमान सत्र में एकत्रित राशि – **72150**

ब्याज – **2939**

कुल राशि ब्याज सहित – **75089**

सत्र के दौरान व्यय – **104277**

शेष राशि – **68859.40**

***केन्द्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी :-*** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अधिसूचना एवं निर्देशानुसार, अकादमिक वरीयता के आधार पर केन्द्रीय छात्र संघ (2024-25) का गठन 08 नवंबर, 2024 को किया गया, जिनके पदाधिकारी निम्नलिखित प्रकार से हैं -

| *क्र.स.* | *पद* | *नाम* | *कक्षा* |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | संजु | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 2. | उपाध्यक्ष | मुनीष कुमार | बी. कॉम तृतीय वर्ष |
| 3. | सचिव | रक्षा देवी | बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| 4. | सह-सचिव | तृप्ता | बी. कॉम. प्रथम वर्ष |

***केन्द्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी के इकाई पदाधिकारी :-*** राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर में एन.एस.एस. और रोवर रेंजर इकाई के साथ विभिन्न प्रकार के क्लब सक्रियता के साथ कार्य कर रहें हैं | इन सभी क्लब और इकाई के पदाधिकारी निम्नलिखित प्रकार से हैं -

| **क्र.स.** | **पद** | **नाम** | **कक्षा** |
|---|---|---|---|
| **1.** | एन.एस.एस. इकाई अध्यक्ष | विजय ठाकुर | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| | | जागृति शर्मा | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 2. | रोवर क्रू लीडर | दिनेश कुमार | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 3. | रेंजर टीम लीडर | डिंपल शर्मा | बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| 4. | सड़क सुरक्षा क्लब अध्यक्ष | यतीन शर्मा | बी.कॉम तृतीय वर्ष |
| 5. | रेड रिबन क्लब | काजल शर्मा | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 6. | सांस्कृतिक कमेटी | अक्षय शर्मा | बी.कॉम द्वितीय वर्ष |
| | | मीना देवी | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 7. | स्पोर्ट्स पदाधिकारी | युवराज | बी. ए. तृतीय वर्ष |
| | | पल्लवी शर्मा | बी. ए. द्वितीय वर्ष |

***कक्षा प्रतिनिधि :-*** कक्षा प्रतिनिधि शिक्षकों और छात्रों के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं | सत्र 2024-25 के कक्षा प्रतिनिधि के सदस्य इस प्रकार से हैं –

| **क्र.स.** | **कक्षा** | **नाम** | **प्रतिशत/CGPA** |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. तृतीय वर्ष | किरना कुमारी | 7.59 |
| 2. | बी.कॉम तृतीय वर्ष | रवि कुमार | 6.91 |
| 3. | बी. ए. द्वितीय वर्ष | पूजा शर्मा | 7.70 |
| 4. | बी.कॉम द्वितीय वर्ष | प्रणव | 6.18 |
| 5. | बी. ए. प्रथम वर्ष | प्रियानी शर्मा | 94% |
| 6. | बी.कॉम प्रथम वर्ष | हर्षित शर्मा | 75% |

***पूर्व छात्र संघ :-*** 30 नवम्बर 2022 को ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन का गठन प्राचार्य डॉ. जगत पाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया था, जिसकी कार्यकारिणी के सदस्य इस प्रकार से हैं -

| क्र.स. | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | गीतू देवी |
| 2. | उपाध्यक्ष | दिवांशु शर्मा |
| 3. | सचिव | पंकज कुमार |
| 4. | सह-सचिव | बालकृष्ण |
| 5 | कोषाध्यक्ष | राहुल |
| 6 | मीडिया सचिव | अक्षय |

***मध्यावधि परीक्षाएं :-*** छात्रों के समग्र मूल्यांकन हेतु प्रत्येक वर्ष मध्यावधि परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं | सत्र 2024-25 की मध्यावधि परीक्षाएं 10 दिसम्बर, 2024 से 21 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित करवाई गई | मध्यावधि परीक्षा में महाविद्यालय के शत प्रतिशत छात्रों ने भाग लिया |

***पुस्तकालय :-*** पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का महत्वपूर्ण व अभिन्न अंग होता है | महाविद्यालय रिवालसर के पुस्तकालय में विविध विषयों से संबंधित 1179 पुस्तकें उपलब्ध हैं | महाविद्यालय में 01 अंग्रेजी व 02 हिंदी के दैनिक समाचार पत्र तथा 04 प्रतियोगी परीक्षाओं की पत्रिका 'प्रतियोगिता दर्पण', 'हिम प्रतियोगिता संसार', कुरुक्षेत्र और योजना पत्रिका नियमित रूप से उपलब्ध करवाई जाती है | इस सत्र पुस्तकालय में एक बुक बैंक भी बनाया गया है, जिसमें विविध विषयों से संबंधित एक सौ के करीब पुस्तकें उपलब्ध हैं |

***महाविद्यालय पत्रिका : पुष्कर***

महाविद्यालय पत्रिका 'पुष्कर' का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है, जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है | इस पत्रिका में विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मक व सृजनशीलता को पुष्ट करने का अवसर मिलता है | यह पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के लिए एक सार्थक मंच है, जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने अंदर छुपे भावों को व्यक्त करते हैं |

***सह-पाठ्यचर्या गतिविधियां :-*** पाठ्यानुवर्ती कार्यकलाप शिक्षा का अभिन्न अंग है | शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें | छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ शिक्षेत्तर गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है | इस वर्ष विद्यार्थियों ने अनेक गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया |

## ***रोवर रेंजर इकाई :-***

रोवर रेंजर इकाई का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व कौशल, सामाजिक जागरूकता और सेवा भावना का विकास करना है | इस उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु सत्र 2022-23 से महाविद्यालय में रेंजर टीम लीडर प्रोफेसर अंजलि परमार (अंग्रेजी विभाग) व रोवर स्काउट लीडर प्रोफेसर कुलदीप कुमार (हिंदी विभाग) के नेतृत्व में भारत स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत रोवर रेंजर इकाई व स्वयंसेवकों का पहली बार पंजीकरण किया गया था | सत्र 2024-25 में महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई ने प्रत्येक गतिविधियों में सक्रिय होकर कार्य किया | रोवर रेंजर इकाई द्वारा इस शैक्षणिक सत्र किए गए कार्य की सूची निम्नलिखित प्रकार से है -

- 24 अगस्त, 2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय के रोवर रेंजर इकाई व एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवकों ने मिलकर वन महोत्सव के अंतर्गत पौधा रोपण किया व पर्यावरण रैली में सहभागिता दर्ज की |
- 1 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय की रोवर रेंजर इकाई और एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत रिवालसर बाजार में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया तत्पश्चात रिवालसर झील के आस-पास लगभग दस किलो प्लास्टिक को एकत्रित कर डंपिंग साईट तक लाया गया |
- 23 से 27 अक्तूबर 2024 तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में प्रदेश भर की लगभग 200 रेंजर्स के लिए निपुण टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की दो रेंजर्स पूजा शर्मा एवं पल्लवी शर्मा ने भाग लिया और सफलता पूर्वक निपुण टेस्टिंग परीक्षा को उत्तीर्ण किया।
- 07 नवंबर 2024 को रोवर रेंजर इकाई द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड का 75वां स्थापना दिवस/झंडा दिवस को बड़े धूम-धाम के साथ मनाया | इसके साथ रोवर रेंजर इकाई के नए सदस्यों का दीक्षा समारोह (प्रवेश बैज) भी करवाया गया |

- 02 दिसंबर, 2024 को विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली व अन्य प्रतियोगिताओं में रोवर रेंजर इकाई के स्वयंसेवियों ने सहभागिता दिखाई |
- 27 नवंबर से 01 दिसंबर, 2024 तक चले राज्य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में गणतंत्र दिवस परेड़ के चयन शिविर में महाविद्यालय की दो रेंजर पूजा शर्मा और पल्लवी शर्मा का चयन शिमला आरडीसी के लिए हुआ था |
- 04 से 08 दिसम्बर, 2024 को स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में रेंजर संजना व बबीता ठाकुर ने रीजनल स्तर के आत्म रक्षा प्रशिक्षण कैम्प में भाग लिया व प्रशिक्षित कोच के दिशा निर्देशन में आत्म रक्षा के गुर सीखे |
- 28 जनवरी से 03 फरवरी, 2025 को तमिलनाडु के त्रिची में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय डायमंड जम्बूरी में महाविद्यालय की दो रेंजर पूजा शर्मा और पल्लवी शर्मा ने राज्य स्टाफ के रूप में भाग लिया, जो कि महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है |

***राष्ट्रीय सेवा योजना :-*** महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, जागरूकता व पौधा रोपण में सक्रिय भाग लिया है | इस सत्र राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की निम्नलिखित उपलब्धियां रही हैं |

- राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. रमणीक शर्मा के कुशल नेतृत्व में 22 अगस्त, 2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने सक्रियता के साथ भाग लिया।
- 24 अगस्त, 2024 को कॉलेज परिसर से सुका रियूर गाँव तक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही वन विभाग के सहयोग से 'वन महोत्सव' एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत गाँव में वृक्षारोपण किया गया।
- 09 सितम्बर, 2024 को एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पूरे परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।
- 01 अक्तूबर, 2024 को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कॉलेज परिसर से रिवालसर झील तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके पश्चात झील के आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान किया गया।
- 03 दिसम्बर 2024 को कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के लिए एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने मैदान की सफाई एवं आवश्यक तैयारियों को पूरा किया।

- 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर, 2024 तक सात दिवसीय एन.एस.एस. आवासीय शिविर में 25 स्वयंसेवकों ने सक्रिय भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया, प्रतिदिन योग एवं ध्यान के माध्यम से मानसिक व शारीरिक संतुलन को मजबूत किया और तीन महत्वपूर्ण व्याख्यानों में भाग लिया। प्रो. यशपाल ने '**डिजिटल साक्षरता**', प्रो. कुलदीप कुमार ने '**शिविर व नैतिक मूल्यों का महत्व**', तथा वन रक्षक श्याम ने '**वन संरक्षण व वन नियमों**' पर जानकारी दी। यह शिविर स्वयंसेवकों में अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक जागरूकता विकसित करने में प्रभावी साबित हुआ।

***सड़क सुरक्षा क्लब :-*** सड़क दुर्घटनाओं से बचाव व सड़क सुरक्षा नियमावली के प्रति जागरूक करने हेतु सड़क सुरक्षा क्लब का गठन महविद्यालय में किया गया है | सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक प्रो. यश पाल के कुशल नेतृत्व में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा जागरूकता संबंधी निम्नलिखित कार्य किए गए :-

- 21 नवंबर, 2024 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा महाविद्यालय में छात्र ओरिंटेशन इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया |
- 22 नवंबर, 2024 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा महाविद्यालय में 'सड़क सुरक्षा शपथ' समारोह का आयोजन किया गया |
- 23 दिसम्बर, 2024 को सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक द्वारा महाविद्यालय में 'सड़क सुरक्षा का महत्व' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया |
- 15 फरवरी, 2025 को सड़क सुरक्षा से संबंधी जागरूक करने के लिए रिवालसर बाजार में रैली निकाली गई |
- 22 फ़रवरी, 2025 को सड़क सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर व नारा लेखन के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया |
- 03 मार्च, 2025 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई |

**खेलकूद गतिविधियाँ :-** अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का भी विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है | सत्र 2024-25 में स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. यशपाल के प्रभावशाली नेतृत्व में खेल-कूद गतिविधियों में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया | जिसका ब्यौरा निम्नलिखित प्रकार से हैं -

- 29 अगस्त, 2024 को ‘राष्ट्रीय खेल दिवस’ के अवसर पर पुरुष व महिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- 27 सितंबर, 2024 को महाविद्यालय के छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली में आयोजित पुरुष वर्ग अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भाग लिया |
- 14 से 16 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय के छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष व महिला शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया |
- रिवालसर महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार पुरुष कबड्डी टीम ने अंतर महाविद्यालय कबड्डी खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लिया | जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी में 23 से 26 अक्तूबर, 2024 को हुआ था |
- 05 दिसंबर, 2024 को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन बड़े उत्साह व जोश के साथ किया गया | इसमें महिला व पुरुष वर्ग में 100 मीटर रेस, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक व डिस्कस थ्रो आदि एथलेटिक खेल गतिविधियों में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया | जिसमें गगनदीप व मानसी को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब मिला |

***करियर काउंसलिंग सेल :-*** विद्यार्थियों के लक्ष्य को सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग सेल का भी गठन किया गया है | इस सेल का मुख्य उद्देश्य करियर मार्गदर्शन शिविरों का आयोजन करना है ताकि नौकरी के इच्छुक विद्यार्थियों को भविष्य में उनके लिए आजीविका निर्धारित करने के लिए शैक्षणिक पाठ्यक्रम चुनने में उचित सहायता प्रदान की जा सके |

- 20 नवंबर, 2024 को करियर काउंसलिंग सेल व कॉमर्स सोसायटी ने आई.सी.आई. फाउंडेशन के साथ मिलकर वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया | आईसीआई फाउंडेशन के समन्वयक जोगिंद्र वालिया ने वित्तीय समावेश, वित्तीय उत्पाद, मोबाइल बैंकिंग एवं साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी |
- 22 नवंबर, 2024 को करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें अंग्रेजी विभाग से पर. अंजलि परमार ने ‘प्रतियोगी परीक्षाओं में अंग्रेजी विषय की तैयारी’ विषय पर व्याख्यान दिया व स्लाइड शो के जरिए विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

- 08 फरवरी, 2025 को करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें महर्षि मार्कंडेय विश्वविद्यालय की ओर सी भूमिका गुप्ता ने स्नातक के पश्चात् विभिन्न विकल्पों के बारे में छात्रों को अवगत करवाया |

***रेड-रिबन क्लब :-*** इस क्लब का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स, रक्तदान और नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता फैलाना है | यह क्लब जागरूकता के साथ युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है | इस शैक्षणिक सत्र में क्लब द्वारा किए गए कार्य निम्नलिखित प्रकार से हैं

- 25 जुलाई, 2024 को 'रेड रिबन क्लब' की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंजलि परमार व तीन पीयर एजुकेटर छात्रों (रवि, नमन शर्मा व प्रणव) ने जोनल हॉस्पिटल मंडी में जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आयोजित एक दिवसीय 'Orientation Programme and Exposure Visit' में भाग लिया |
- 12 अगस्त, 2024 को 'अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर क्लब के 18 स्वयंसेवकों ने रक्तदान विषय पर महाविद्यालय प्रांगण में 'Flash Mob' प्रदर्शित की व शानदार समूह नृत्य के माध्यम से शिक्षकों व छात्रों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया |
- 31 अगस्त, 2024 को की गई 'Orientation Meet' में माहवार गतिविधि योजना पर चर्चा हुई | साथ ही नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय से रिवालसर बाजार की तरफ एड्स के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई | इसके साथ रिवालसर झील के पास छात्रों ने जनसाधारण में एड्स संबंधी जागरूकता लाने के लिए 'Flash Mob' द्वारा बेहतरीन समूह नृत्य किया |
- 10 अक्तूबर, 2024 को रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंजली परमार द्वारा 'HIV/AIDS : Causes, Symptoms, Precaution and Treatment' विषय पर व्याख्यान दिया |
- 28 अक्तूबर, 2024 को हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा एड्स व एचआईवी जागरूकता विषय पर प्रेषित वीडियो क्लब के छात्रों को दिखाई गई |
- रेड रिबन क्लब की छात्राओं काजल शर्मा, ममता, किरना व रितिका द्वारा नवंबर में एड्स जागरूकता व रक्तदान संबंधी दो रील बनाई गई व DAPO मंडी को भेजी गई |

- 30 नवंबर को जिला स्तरीय सम्मान समारोह में DAPO मंडी द्वारा महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब को 'सर्वश्रेष्ठ क्लब' की श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल करने के लिए 'प्रशंसा प्रमाण पत्र' दिया गया |
- 02 दिसम्बर, 2024 को क्लब द्वारा रक्तदान, नशा व एड्स जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | तत्पश्चात रेड रिबन के आकार में Human Chain बनाई गई | इसके साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को नशे से दूर रहने व एड्स से बचने का सन्देश दिया |

**एंटी ड्रग क्लब :-** इस क्लब का गठन नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने और नशा मुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से किया गया है | इस क्लब ने सत्र 2024-25 में निम्नलिखित कार्य किए -

- 14 अगस्त, 2024 को महाविद्यालय के एंटी ड्रग क्लब ने एक दिवसीय ओरिएंटेशन व सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अंजलि परमार ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के कारण व निवारण के बारे में जानकारी दी |
- 23 अगस्त, 2024 को एंटी ड्रग स्क्वाड द्वारा मीटिंग की गई जिसमें 'नशा मुक्ति अभियान' के तहत तरुणा शर्मा व रवि शर्मा को सदस्य बनाया गया |
- 28 अक्तूबर, 2024 को क्लब के सदस्यों को नशा जागरूकता संबंधी वीडियो दिखाई गई व छात्रों को नशा मुक्त व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया |
- 02 दिसंबर को क्लब ने रेड रिबन क्लब के साथ मिलकर पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता तथा 'जागरूकता रैली' द्वारा छात्रों व जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों व एड्स से बचने के लिए प्रेरित किया |

***इको क्लब :-*** महाविद्यालय का 'इको क्लब' पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करता है |

- 22 अगस्त, 2024 को इको क्लब के कार्यक्रम संचालक डॉ. ब्रजनंदन के दिशानिर्देशन द्वारा कॉलेज परिसर में विविध प्रकार के औषधीय व फलदायक वृक्षों का रोपण किया गया |
- 24 अगस्त, 2024 को वन विभाग के सहयोग से 'वन महोत्सव' एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत गाँव में वृक्षारोपण किया गया।

- इको क्लब समय-समय पर महाविद्यालय की क्यारियों की देखरेख व स्वच्छता अभियान चलाता है ताकि परिसर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ रखा जा सके |

**चुनावी साक्षरता क्लब :-** मतदाता सम्बन्धी जागरूकता हेतु महाविद्यालय में 'चुनावी साक्षरता क्लब' का गठन किया गया है |

- 'चुनावी साक्षरता क्लब' के नोडल अधिकारी डॉ. ओ.पी. ठाकुर ने 'संविधान दिवस' के अवसर पर क्लब के सदस्यों को 'मतदान के महत्व' विषय पर व्याख्यान दिया | इसके साथ 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के छात्रों को वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी |

***सांस्कृतिक गतिविधियाँ :-*** सत्र-2024-25

- 05 सितंबर, 2024 को अध्यापक दिवस को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया |
- 25 सितंबर, 2024 को नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में ब्रह्माकुमारी आश्रम द्वारा नशे के दुष्परिणामों को दर्शाती हुई वीडियो तथा झांकी दिखाई गई तथा नशे से युवा पीढ़ी को दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया |
- 11 अक्तूबर, 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कन्या दिवस के उपलक्ष्य पर संस्कृति सदन कांगणीधार में 'देई उत्सव' का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. दीपक गौतम के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्रा काजल शर्मा ने 'Just A Minute' में व तरुणा शर्मा ने 'नारा लेखन' प्रतियोगिता में भाग लिया |
- 19 अक्तूबर, 2024 को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- 23 नवंबर, 2024 को नेहरू युवा केंद्र मंडी व सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा 'युवा उत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. ओ.पी.  ठाकुर की अगुआई में महाविद्यालय के छात्र संजू ने कविता लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया |

***हिंदी दिवस** :-* हिंदी भाषा को *राष्ट्र भाषा, राज भाषा* व अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पहचान दिलाने हेतु हर वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी दिवस' बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है |

- 14 सितम्बर 2024 'हिंदी दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में नारा लेखन, कविता पाठ, हिंदी सुलेख, दोहा गायन, भाषण तथा हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय

के कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया था | इस कार्यक्रम में हिंदी के प्रचार-प्रसार व अधिक से अधिक व्यवहार में लाने पर बढ़ावा दिया गया |

**अन्य गतिविधियां :-** महाविद्यालय में समय-समय पर अन्य गतिविधियां जैसे - अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, अध्यापक दिवस, बाल दिवस, महिला दिवस आदि को भी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया | इसके साथ ही महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ अंतरिम शिकायत समिति व एंटी-रैगिंग समिति आदि भी सतर्कता से अपनी भूमिका निभाते हैं |

***शिक्षक-वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां :-*** महाविद्यालय के प्राध्यापक अध्यापन के साथ-साथ अध्ययन में भी संलग्न रहते हुए अपनी प्रतिभा को विकसित करते रहते हैं | सत्र 2024-25 में महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपलब्धियों का ब्यौरा इस प्रकार से हैं -

***प्राचार्य- डॉ. के. सी. कश्यप जी***

- महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के सी. कश्यप जी ने वर्ष 2024 में इंडोनेशिया और टर्की में अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियों में भाग लिया व शोध पत्र प्रस्तुत किए |

***संगीत विभाग- सह-आचार्य दीपक गौतम***

- 25 फरवरी, 2025 को संगीत विभाग के सह-आचार्य दीपक गौतम ने अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्री मेले में शास्त्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरोद वादक के रूप में प्रदर्शन किया |

***इतिहास विभाग- सह-आचार्य मनोज कुमार***

- इतिहास विभाग के प्रो. मनोज कुमार ने मई, 2024 में International Journal of Multidisciplinary Education Research (IJMER) जर्नल में ‘ पहाड़ी रियासतों में “स्व” जागरण की शुरुआत: दुम्ह आंदोलन (हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में) विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया |

***राजनीति विभाग- डॉ. ओ. पी. ठाकुर***

- 18-19 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराज एट लम्बाथाच द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में ‘Binding the Local-Global Divide : Implication for Governance & Sovereignty in a Globalized World’ विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |

- 26-27 दिसम्बर, 2024 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग व इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र शिमला (हि.प्र.), ठाकुर राम सिंह शोध संस्थान नेरी, हमीरपुर (हि.प्र.) और सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यासागर (गुजरात) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Contribution of Sardar Patel & B.R Ambedkar : Shaping India Constitution to Socio- Economic Landscape' विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया |
- 18 जनवरी, 2025 को चितकारा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में भाग लिया |

### *अंग्रेजी विभाग- प्रो. अंजलि परमार*

- प्रो. अंजलि परमार ने अंतर्राष्ट्रीय द्विमासिक पीयर रिव्युड पत्रिका 'The Criterion' के खंड 15, अंक 03 जून, 2024 में 'Magical Realism : An Aide in Exploring the Self in the Pilgrimage and the Alchemist' नामक शोध पत्र प्रकाशित किया |
- गोकुल ग्लोबल विश्वविद्यालय सिद्धपुर व 'Nucleus of Learning & Development' द्वारा आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय Faculty Development Programme on Dynamics of literature Teaching : A Gateway to the Development of $21^{st}$ century skills' में 11 से 17 जून, 2024 तक भाग लिया |
- राजकीय शिक्षण महाविद्यालय जम्मू व सुल्लु फिलिपिन्स यूनिवर्सिटी तथा Cape Comorin Trust के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय Faculty Development Programme on 'Research Writing and Research Methodology' में 24 से 30 जून, 2024 तक भाग लिया |
- गोकुल ग्लोबल विश्वविद्यालय सिद्धपुर व 'Nucleus of Learning & Development' द्वारा आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर के Faculty Development Programme on 'Prevention of Sexual Harassment (Prevention, Prohibition & Redressal) Act, 2013- Awareness and Internal Complaint Committee (ICC) में 8 से 13 जुलाई, तक भाग लिया |
- करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन 'Role of Artificial Intelligent in Modern Corporate Accounting System' विषय पर हुई विशेषज्ञ वार्ता में 27 जुलाई, 2024 को भाग लिया |

- करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर के Webinar on 'Research Ethics and Academic Publishing' में 06 अगस्त, 2024 को भाग लिया |
- राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में हुए राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में 05 से 09 सितम्बर तक स्टेट स्टाफ के तौर पर भाग लिया तथा रेंजर सेक्शन में मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई |
- राजकीय महाविद्यालय राजपुरा (जम्मू) द्वारा आयोजित ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय स्तर के Faculty Development Programme on 'Tools and Techniques of AI in Future Research and Higher Education' में 24 से 30 सितम्बर, 2024 तक भाग लिया |
- स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में हुए राज्य स्तरीय रेंजर निपुण कैंप में 23 से 27 अक्तुबर, 2024 तक स्टेट स्टाफ के तौर पर सेवाएं दी |
- करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर व Non-Collegiate Women's Education Board, University of Delhi' द्वारा 02 से 03 दिसम्बर, 2024 को आयोजित ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'अनुसंधानम्' में 'Navigating Nature as a Source of Sanity in Paulo Coelho's Adultery' नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया |
- राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द, ऊना व मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा 14 से 15 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'Phoenixity of Female Characters In Adultery and Eleven Minutes' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |
- शोध पत्र "The Paradoxical Constituents of Flash and Spirit in Paulo Coelho's Eleven Minutes- A Study in Eroticism" दिसम्बर, 2024 में UGC Care List Group-1 अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'Journal of the Asiatic Society of Mumbai' में प्रकाशित हुआ |

### *वाणिज्य विभाग- प्रो. यश पाल और प्रो. रमणीक शर्मा*

- वाणिज्य विभाग के प्रो. यश पाल ने 19 दिसंबर से 28 दिसंबर, 2024 को श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स द्वारा 'National Education Policy 2020- Orientation and Sensitization Programme' विषय पर दस दिवसीय ऑनलाइन एफडीपी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया |
- 18 जनवरी, 2025 को चितकारा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में भाग लिया |

- 06 फरवरी, 2025 को उच्च शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 'उच्च शिक्षा अखिल भारतीय सर्वेक्षण' (AISHE) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था | जिसमें प्रो. यश पाल ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया था |
- 13 से 19 फरवरी, 2025 को राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा द्वारा 'सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण' विषय पर सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वाणिज्य विभाग के प्रो. यश पाल और प्रो. रमणीक शर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया |

## *हिंदी विभाग- सहायक आचार्य कुलदीप कुमार*

- हिंदी विभाग के प्रो. कुलदीप कुमार द्वारा लिखित शोध पत्र 'हिंदी कथा साहित्य के 21वीं सदी में वृद्ध विमर्श का अध्ययन' यूजीसी केयर लिस्टेड पत्रिका 'शिवना साहित्यिकी' के मार्च, 2024 अंक में प्रकाशित हुआ | इसके साथ इनका दूसरा शोध पत्र 'वृद्ध जीवन की समस्याओं को अभिव्यक्त करता कहानी संग्रह 'अपना-अपना अस्तित्व' विषय पर यूजीसी द्वारा स्वीकृत केयर लिस्टिड पत्रिका 'अनहद लोक' के जनवरी-जून, 2024 अंक में प्रकाशित हुआ है |
- 05 से 09 सितम्बर, 2024 को स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में स्टेट लेवल राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में स्टेट स्टाफ के तौर पर सेवाएं दी |
- 14 सितम्बर, 2024 को भाषा-संस्कृति विभाग मंडी द्वारा आयोजित राजभाषा पखवाड़े में महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक आचार्य कुलदीप कुमार ने निर्णायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई |
- 14 से 15 सितम्बर, 2024 को गुरु विद्यापीठ, रोहतक तथा Y.B.N. यूनिवर्सिटी रांची के संयुक्त तत्वावधान द्वारा 'समकालीन साहित्य में विविध विमर्श' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया | जिसमें प्रो. कुलदीप कुमार ने अपना शोध पत्र '21वीं सदी की हिंदी कहानियों में वृद्ध विमर्श (अग्निदाह, साजिश और हंसा ताई के विशेष संदर्भ में) विषय पर प्रस्तुत किया | यह शोध पत्र International Peer Reviewed Research Journal 'शोध समालोचन' के अक्तूबर, 2024 अंक में भी प्रकाशित हुआ है |
- 22 से 28 सितम्बर 2024 को स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में रोवर सकाउट लीडर प्रो. कुलदीप कुमार ने हिमालया वुड बेज कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण किया |

- 18-19 अक्तूबर, 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराज एट लम्बाथाच द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेस में 'हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी की सिराज घाटी : सांस्कृतिक अध्ययन' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |
- 10 से 14 नवंबर, 2025 को स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में राज्य स्तरीय निपुण पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में प्रशिक्षण दिया |
- 10 जनवरी, 2025 को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया |
- 05 फरवरी, 2025 को गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी द्वारा 'साहित्य, संस्कृति और समाज' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन सेमीनार में भाग लिया |
- 13 से 19 फरवरी, 2025 को राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा द्वारा 'सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण' विषय पर सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो. कुलदीप कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया |

***महाविद्यालय के समक्ष चुनौतियां एवं अपेक्षाएं :-*** महाविद्यालय की मूलभूत व अत्यावश्यक समस्याएँ इस प्रकार से हैं –

- महाविद्यालय में शिक्षक व गैर-शिक्षक के कुल 04 रिक्त पदों को शीघ्र भरना | जिसमें अर्थशास्त्र के पद को प्राथमिकता के साथ भरा जाए |
- महाविद्यालय की आवश्यकता एवं छात्रों की रुचि को देखते हुए महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा के विषय में प्राध्यापक का पद सृजित करवाया जाए |
- महाविद्यालय में पुस्तकालय तथा दो स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था करवाई जाए |
- महाविद्यालय में विज्ञान भवन का निर्माण व विज्ञान संकाय की शुरुआत करवाई जाए |

महोदय, महाविद्यालय की वास्तविक स्थिति आपके समक्ष है | मुझे पूर्ण आशा है कि आप हमारी समस्याओं के विषय में उपयुक्त पत्राचार के माध्यम से उच्च-अधिकारियों को अवगत करवाएंगे तथा महाविद्यालय को विकास पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करेंगे |

***आभार :-*** मान्यवर, सत्र 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने स्थानीय महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय इस महाविद्यालय के समस्त कर्तव्यनिष्ठ प्राध्यापक-वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग तथा अनुशासित व प्यारे विद्यार्थियों को जाता है | मैं इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ |

आज इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महोदय का महाविद्यालय परिवार विशेष रूप से आभारी है, जिन्होंने इस पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई | साथ ही यहाँ उपस्थित समस्त अतिथियों का भी हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ आप सभी अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति, सहयोग एवं सौजन्य के लिए महाविद्यालय परिवार कृतज्ञ है | अंततः पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई व अशेष शुभकामनाएँ | जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उन्हें भविष्य में प्रयत्नशील रहने की कामना करता हूँ | मुझे विश्वास है कि आप सभी अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंचेंगे और देश व समाज के कल्याण के लिए हमेशा अपना योगदान देने को तत्पर रहेंगे |

***धन्यवाद !***


**प्रतिवेदक लेखक :**

***कुलदीप कुमार***

***सहायक आचार्य(हिंदी विभाग)***

**प्रस्तुतकर्ता :**

***दीपक गौतम***

***सह-आचार्य (संगीत विभाग)***